26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 29 जुलाई , 2026

अंक- 275 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# राहुल के भाषण के दौरान लोकसभा में जमकर हंगामा

## 'इडियट' शब्द का इस्तेमाल करने पर रिजिजू और राजनाथ ने टोका

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पेपर लीक से जुड़े पब्लिक एग्जामिनेशन (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पर लोकसभा में 50 मिनट स्पीच दी। राहुल ने कहा, 'देश का भविष्य सड़कों पर उतरा। बीजेपी में भी जो लोग हैं, हमारे उन मित्रों को जाकर अपने बच्चों से पूछना चाहिए कि क्या गलत हुआ।

### कहा- माफी मांगें

प्रदर्शन में गुस्सा, नफरत नहीं थी। वे केवल अपनी आवाज उठा रहे थे।' उन्होंने अपनी स्पीच में इडियट शब्द का इस्तेमाल किया। इस पर सत्ता पक्ष ने हंगामा किया। कहा- माफी मांगें। किरेण रिजिजू और राजनाथ ने टोका तो कहा- 'अगर आप चाहते हैं कि देश में सिर्फ बीजेपी बोले तो मैं चुप होकर बैठ जाता हूं।' पेपर लीक से जुड़े बिल पर आज लगातार दूसरे दिन चर्चा हो रही है। मंगलवार को बिल पर 9 घंटे बहस हुई थी। पहले दिन केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने सरकार का पक्ष रखा। विपक्ष की तरफ से गौरव गोगोई, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव बहस में शामिल हुए।



# प्रबल हत्याकाण्ड में 14 साल बाद आया अदालत का फ़ैसला

## सात अभियुक्त दोषी करार

### संजय गुप्ता एडवोकेट, विनय अग्रवाल, अपूर्व अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, राहुल गुप्ता, आशीष उर्फ आशु को जेल भेजा गया



प्रबल का फाइल फोटो।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** लगभग 14 साल पहले हुये बहुचर्चित प्रबल हत्याकाण्ड में अदालत ने आज अपना फैसला सुनाते हुए सात अभियुक्तों को दोषी करार दिया। अदालत द्वारा सजा का ऐलान परसो 31 जुलाई को किया जायेगा। दोषी करार दिये गये अभियुक्तों में संजय गुप्ता एडवोकेट, विनय अग्रवाल, अपूर्व अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, राहुल गुप्ता, आशीष उर्फ आशु शामिल हैं। इन सभी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया।

14 साल तक चली लंबी अदालती कार्रवाई के बाद आखिरकार आज फैसला आया। फैसला सुनाने से पहले अदालत ने सभी सातों अभियुक्तों को कस्टडी में लेने का आदेश दिया। अपर सत्र न्यायाधीश/द्वितीय फास्ट ट्रैक कोर्ट माननीय डॉ. शहजाद अली द्वारा दोषी करार दिये जाने के बाद सभी सात अभियुक्तों को कड़ी सुरक्षा में जेल भेज दिया गया।

पीड़ित पक्ष, आरोपियों और उनके परिजनों तथा नगरवासियों की नजरें अदालत के फैसले पर टिकी हुई थीं। फैसला कल आना था, लेकिन किसी कारणवश आज की तारीख लगा दी गई थी। सुबह से ही जिला जजी में गहमागहमी का माहौल था। पीड़ित पक्ष तथा आरोपी और उनके परिजन अदालत में मौजूद थे।



अदालत के फैसले के बाद दोषियों को ले जाते हुए पुलिस।

### अग्रसेन जयंती कार्यक्रम में हुई थी प्रबल की हत्या

मोहल्ला जाटान निवासी प्रबल की हत्या 19 दिसम्बर 2012 को नगर के शहनाई बैंकेट हॉल में आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह में की गई थी। इस दौरान एक युवती से छेड़छाड़ का आरोप लगाकर समारोह में शामिल कुछ लोगों ने प्रबल की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी और उसका शव ठिकाने लगा दिया था। काफी दिन बाद प्रबल का शव गंगा नदी में रामराज के पास मिला था।

### प्रदर्शन भी हुये थे

प्रबल हत्याकाण्ड को लेकर लोगों में आक्रोश फैल गया था। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये लोगों ने नगर में प्रदर्शन भी किया था

### सजा का ऐलान 31 जुलाई को

और कैंडल मार्च निकाला था। उस समय कई लोगों पर शक था। अग्रवाल समाज के अनेक प्रतिष्ठित लोग गिरफ्तारी के डर से अंडरग्राउंड हो गये थे। बाद में पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की थी।

### इकलौता पुत्र था प्रबल

**प्रबल अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। एक अविवाहित बहन है। प्रबल उनका एकमात्र सहारा था। प्रबल की हत्या से माता-पिता और बहन गहरे सदमें में पहुंच गये थे। मां सुमन अग्रवाल की हालत तो यह थी कि वह काफी दिन तक अपने घर का दरवाजा दिन-रात खोले हुए रहते थी। उन्हें उम्मीद थी कि उनका प्रबल लौट आएगा। पिता आलोक अग्रवाल और बहन प्राची का भी रो-रोकर बुरा हाल हो गया था। प्रबल के माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है। बहन प्राची अपने भाई को इंसाफ दिलाने के लिये लगातार अदालती लड़ाई लड़ रही थी।**

### काफी दिनों तक सुर्खियों में रहा था प्रबल हत्याकाण्ड

**अग्रसेन जयंती समारोह में प्रबल की हत्या के बाद आरोपियों ने उसके शव को ठिकाने लगाकर मामले को रफा-दफा करने का काफी प्रयास किया था। पुलिस की तमाम कोशिशों के बावजूद प्रबल का कुछ पता नहीं चल पा रहा था। बाद में प्रबल का शव गंगा नदी से बरामद हुआ था।**



# बाघ दिवस पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम



अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर विद्यार्थियों के साथ वनाधिकारी।


दीप प्रज्वलित करते वन क्षेत्र अधिकारी कालागढ़ नंदकिशोर रुवाली

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की कालागढ़ रेंज के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिर विद्यालय में बाघ संरक्षण एवं वन्यजीव संवर्धन विषयक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कालागढ़ वन क्षेत्राधिकारी नंद किशोर रुवाली ने विद्यार्थियों को बाघों के प्राकृतिक आवास, जैव विविधता में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका तथा वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जनसहभागिता के महत्व की जानकारी दी। साथ ही मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व, पर्यावरण संरक्षण तथा वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए सभी से बाघ संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने कहा कि बाघ केवल भारत की शान ही नहीं, बल्कि स्वस्थ वन पारिस्थितिकी तंत्र का प्रमुख आधार भी हैं। बाघों का संरक्षण प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों ने वन, वन्यजीव संरक्षण तथा पर्यावरण संवर्धन के प्रति सदैव जागरूक रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वन क्षेत्राधिकारी नंद किशोर रुवाली, वन दरोगा महेशचंद्र जोशी, सरत सिंह बिष्ट, रक्षित पाण्डेय, सोहन सिंह पटवाल, वन आरक्षी रितेश कण्डवाल, हरेन्द्र सिंह रावत, नरेश सिंह, वजाहत अली, कार्यवाहक सहायक अनूप कुमार, जगदीश लाल, संध्या शर्मा, पप्पू सहित विद्यालय के अध्यापकगण उपस्थित रहे।


## 2 अगस्त को हल्दौर में आंखों का शिविर



**हल्दौर ( चिंगारी )** नगर के समाजसेवी सुशील वर्मा द्वारा प्रत्येक माह की भांति निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से आगामी 2 अगस्त दिन रविवार को वर्मा मैरिज हॉल हल्दौर पर प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। जिसमें चिकित्सक मरीजों की आंखों का चैकअप कर उसी दिन मोतिबिन्द के मरीजों को ऑपरेशन के लिये अपने साथ लें जाएंगें। सुशील वर्मा ने बताया कि मरीज असुविधा से बचने के लिये अपना रजिस्ट्रेशन 2 अगस्त से पूर्व प्रात:10 बजे से सायं 4 बजे तक वर्मा मैरिज हॉल पर आकर किसी भी दिन करा सकते हैं।

## भाजपाइयों को अंधभक्त बताने वाले को जेल भेजा

**पैजनिया ( चिंगारी )। भाजपाइयों को अंधभक्त बताने और गाली गलौज करने वाले युवक को एसडीएम ने जेल भेज दिया। सोमवार को पैजनिया निवासी राजन पुत्र मलखान ने भाजपायों को अंधभक्त बताते हुए गाली गलौज का प्रयोग कर सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया था। वीडियो वायरल होने से भाजपा और हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त हो गया था। कार्यकर्ताओं की तहरीर पर हल्दौर पुलिस द्वारा आरोपी युवक का शांति भंग की धारा में चालान कर दिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार को उपजिलाधिकारी चांदपुर द्वारा आरोपी को जेल भेज दिया गया।**




# मेरा नाम करेगा रोशन....

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। मेरा नाम करेगा रोशन, जग में मेरा राज दुलारा। सभी माता-पिता की इच्छा होती है कि उनके बच्चे संस्कारवान बनें, बड़े होकर एक अच्छा इंसान बनें। माता-पिता इसी सोच और उम्मीद के साथ बच्चों के सपने को साकार करने में लगे रहते हैं। बच्चों के भी कुछ अपने सपने होते हैं। अपने माता-पिता के साथ अपने सपनों को पूरा करने में लगे रहते हैं।**



क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर निवासी जाफ़िर रहमान सेंट मेरिस इंटर कॉलेज मंडावली में कक्षा 9 का छात्र है, इनका सपना है कि आईटी प्रोफेशनल क्षेत्र में जाकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करे। इनकी माता जाहिदा खातून और पिता फैजूर रहमान का कहना है कि उनका बेटा बड़ा होकर कुछ भी बने सबसे पहले एक अच्छा इंसान बने और दुनिया में अच्छे-अच्छे काम करे। अपने बेटे के सपने को साकार करने में सहयोग करेंगे।



मंडावली निवासी रज़ान अब्दुल्ला मकरानी सेंट मैरिस इंटर कॉलेज मंडावली में कक्षा 8 का छात्र है। डॉक्टर बनकर क्षेत्र के लोगों की सेवा करना इनका सपना है। इनके पिता अहसान मकरानी का कहना है कि अपने बेटे को एक अच्छा इंसान बनाने के साथ उसके सपने को पूरा करने में सहयोग करेंगे।



मंडावली निवासी मानवी सेंट मैरिस इंटर कॉलेज की कक्षा 8 की छात्रा है। इनका सपना है एक शिक्षक बनकर समाज को शिक्षित कर एक नई दिशा देने का काम करेंगी। इनके पिता अजवेंद्र उर्फ सोनू सैनी का कहना है कि अपनी बेटी को अच्छे संस्कार देने के साथ शिक्षक बनाने का प्रयास करेंगे और उसके सपने को साकार करेंगे।



क्षेत्र के ग्राम सिकरोड़ा निवासी अवनी सोलियान होली फैमिली कॉन्वेंट स्कूल साहनपुर में कक्षा 5 में पढ़ती है। इनका सपना है कि बड़े होकर आईपीएस बनकर क्षेत्र के साथ देश का नाम रोशन करे। इनके पिता राकेश कुमार एक शिक्षक है इनका कहना है कि अपनी बेटी के सपनों को साकार करने में पूरा सहयोग करेंगे। अच्छी शिक्षा के साथ अपनी बेटी को अच्छे संस्कार देने का काम भी करेंगे।

**प्रस्तुति : मोहित कर्णवाल, मंडावली**

# अधिवक्ता का परिवार, देश सेवा के लिए हो रहा तैयार



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के मौहल्ला जाब्तागंज निवासी अधिवक्ता वीरेंद्र यादव एड. व अनामिका यादव के तीनों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर उच्च पदों पर पहुंचकर देश की सेवा करना चाहते हैं। अभी से उनके तीनों बच्चों में देश सेवा का जज्बा है। उनका सबसे बड़ा बेटा 16 वर्षीय ययाति यदुवंशी आरकेडीआईसी स्कूल महावतपुर में कक्षा दस में शिक्षा ग्रहण करता है। बेटा यदुवंशी पूरी शिक्षा ग्रहण करने के बाद सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करना चाहता है। इस परिवार के दो जुड़वां बच्चे दस वर्षीय बेटा आद्रवीर यदुवंशी व 10 वर्षीय बेटी अवन्तिका यदुवंशी सर्वोदय एकेडमी नजीबाबाद में कक्षा पांच में शिक्षा ग्रहण करते हैं। बेटा अद्रवीर शिक्षा ग्रहण करने के बाद इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहता है, जबकि उनकी बेटी अवन्तिका आर्मी में जाकर देश की सेवा करना चाहती है। उनके परिवार व गुरूजनों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**प्रस्तुति : नौशाद मुल्तानी**

# पार्किंग न होने से लगता है जाम परेशान हैं हर ख़ास-ओ-आम

**नगीना ( चिंगारी )।** नगर में एक अदद पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के चलते पूरे दिन नगर के मुख्य मार्गो पर खड़े होने वाले वाहनों से जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित राष्ट्रीयकृत व निजी बैंकों के बाहर पार्किंग न होने के चलते सड़क पर खड़े होने वाले ग्राहकों के वाहन कोढ़ में खाज का काम कर रहे हैं। नगर पालिका व पुलिस प्रशासन की उदासीनता के चलते नगर नगीना में पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर का कोई मोहल्ला व बाजार इस समय जाम से अछूता नहीं है। सबसे बुरे हालात गांधी मूर्ति के समीप नहर के चौराहे पर रहते हैं, जहां नहर के ऊपर पटरी पर खड़े होने वाले ठेलों, बैंक के बाहर खड़े होने वाले ग्राहकों के वाहन व दुकानदारों द्वारा सड़क पर सजाए गए सामान जाम की स्थिति को विकराल रूप बनाए रखते हैं। लोगों को पूरे दिन जाम को झेलने के लिए मजबूर होना पड़ता है, लेकिन पुलिस व पालिका प्रशासन इसका कोई स्थायी समाधान करने में कामयाब नहीं हो पा रहा है। कमोबेश यही स्थिति स्टेशन चौराहे पर है, जहां पूरे दिन बाहर से आने वाले लोगों को भी जाम का सामना करना पड़ता है।



बैंक की अपनी पार्किंग नहीं होने के चलते नगर के मुख्य मार्ग पर बैंक शाखा के बाहर सड़क पर खड़े दर्जनों दुपहिया वाहन।


यातायात नियमों को ठेंगा दिखाते हुए एक बाइक पर चार विद्यार्थी व अन्य एक बाइक पर जाते तीन युवा।

## यातायात नियमों को ठेंगा दिखाते हैं


नगीना में वाहन चलाने वाले अधिकतर युवाओं द्वारा यातायात नियमों की भी खूब धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। दुपहिया वाहनों पर तीन व चार-चार सवारी बैठकर पुलिस प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए आएदिन जाते हुए युवा दिखाई देते हैं।

## ठोस कार्रवाई का अभाव

करीब दो सप्ताह पहले पालिका व तहसील प्रशासन ने पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण हटाओ अभियान की रस्म अदायगी निभाई थी। रेलवे स्टेशन चौराहे से लेकर नगर पालिका के बाजार तक अतिक्रमण हटाओ अभियान के नाम पर करीब 18000 रुपये की वसूली की गई थी, लेकिन जिन दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया था उन्होंने जुर्माना देते ही फिर से सामान सड़क पर सजा लिया। लेकिन उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई आज तक नहीं हो पाई। इसके अलावा प्रशासन पूरे शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान नहीं चला पाया।

## इनका कहना है..

इस संबंध में पालिका के सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा का कहना है कि समय-समय पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाता है। अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ जल्द अभियान चलाया जाएगा।

DF धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com



कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

भली लगे
या बुरी ...

## आमूल-चूल परिवर्तन की आवश्यकता

देश में बड़े पैमाने पर अनेक परीक्षायें आयोजित करने वाली एनआईटी में केवल 39 स्थायी पद थे और उसमें भी 15 पद खाली थे। उसका काम मोटे तौर से दूसरे विभागों से उधार लिए अधिकारियों-कर्मचारियों, संविदा कर्मियों व आउटसोर्सिंग से चलता था। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक रूप से उठता है कि आखिर देश के बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली नौजवानों का भविष्य तय करने वाली परीक्षायें आयोजित करने वाली एजेंसी का इतना ढीलाढाला गठन कैसे जारी था? नीट पेपर लीक होने के बाद अब केन्द्र सरकार पेपर लीक रोकने के लिए कठोर कानून बनाने जा रही है जिसमें दोषियों को दस साल तक की सजा, 50 लाख तक का जुर्माना तथा फास्ट ट्रैक कोर्ट से सुनवाई आदि शामिल होंगे। पिछले 12 साल में यह मोदी सरकार के किसी मंत्री का दूसरा इस्तीफा है। इसके पहले 2019 में वरिष्ठ पत्रकार व कैबिनेट मंत्री एम.जे. अकबर को यौन उत्पीड़न के कथित आरोप में अपना पद छोड़ना पड़ा था। इस आरोप से पूरे देश में 'मीटू' आंदोलन भड़क उठा था जिसमें अनेक महिलाओं और लड़कियों ने अपने खिलाफ हुए यौन-उत्पीड़न का खुलासा किया था। काकरोच जनता पार्टी का गठन तथा जंतर-मंतर पर हुए धरने का 'चेहरा' और 'चरित्र' भी अनेक लोगों की नजरों में संदिग्ध है। कहा जाता है कि पड़ोसी बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका में हुए 'जेन जी' आंदोलनों की तर्ज पर भारत में भी ऐसा ही आंदोलन 'सोशल मीडिया' तथा देश-विदेश में बैठे कुछ निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा भड़काया गया। आशंका थी कि इसमें देर-सवेर 'राष्ट्र-विरोधी' तत्व भी सक्रिय हो जाएंगे। ऐसी खबरों की पुष्टि भी हुई है। यह मोदी सरकार की किसान आंदोलन के बाद दूसरी पराजय है, जब उसे अपने कदम पीछे खींचने पड़े हैं। 2014 में सरकार बनने के बाद ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने भूमि अधिग्रहण कानून में संशोधन का प्रयास किया, लेकिन दो बार अध्यादेश लाने के बाद वह सदन में उसे कानून का स्वरूप नहीं दे सकी। अंततः भाजपा का संख्या बल बढ़ने के बाद मोदी सरकार ने 'तीन नए कृषि कानूनों' को संसद से मंजूरी दिलाई, पर किसानों के देशव्यापी आंदोलन के कारण वह इनको जमीन पर लागू नहीं कर सकी। विडंबना है कि आज भी छोटे व सीमान्त किसान अपनी फसल आसानी से देश में किसी को भी बेचने के लिए स्वतंत्र नहीं हैं और अनेक सुधारों के बावजूद 'मंडियों', 'आढ़तियों' व 'बिचैलियों' के शिकंजे में फंसे हैं। किसानों के अविश्वास का प्रमुख कारण अतीत में कई मामलों में कार्पोरेट घरानों द्वारा उनके साथ की जाने वाली ठगी तथा कृषि आधुनिकीकरण से अपना रोजगार खोने की आशंका थी। सरकार उनको इस बारे में विश्वास नहीं दिला सकी। जो हो, फिलहाल मुद्दा शिक्षा और उससे जुड़े पेपर लीक जैसे मामलों का गर्म है। शिक्षा पर खर्च भी असाधारण रूप से बढ़ा है। इसके बाद भी अभिभावकों के हाथ अधिकतर मामलों पर सिर्फ सपने ही हाथ लगते हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उच्च शिक्षा के दौरान लाखों खर्च और बड़े पैमाने पर समय खपाने के बावजूद छात्रों को मिल पाने वाली सरकारी नौकरियां सिर्फ लगभग सात प्रतिशत ही हैं।

# अनेक यक्ष प्रश्न छोड़ गया यह युवा आंदोलन

-सत्यराज



युवा पीढ़ी की अगुवाई में देश में पहला बड़ा आंदोलन हुआ और अलग-अलग अर्थों में नवनिर्मित परिभाषाओं के साथ खत्म भी हो गया। किसने क्या पाया, किसने क्या खाया, अब सारे पक्ष समीक्षा कर रहे हैं। हालांकि परिणाम से दूर यह आंदोलन दुनिया के सबसे बड़े प्रजातंत्र में राष्ट्रीय, सामाजिक और यहां तक की पारिवारिक स्तर पर बहुत कुछ सतर्क कर गया है। गुलामी से आजादी के वर्तमान दौर तक जितने भी जनआंदोलन हुए, उनमें बुजुर्ग राष्ट्र नायक ही नेतृत्व करते रहे हैं, लेकिन स्वतंत्रता के आधुनिक काल खंड में पहली बार युवा नेतृत्व वाला आंदोलन हुआ और यह आंदोलन कई ऐसे यक्ष प्रश्न छोड़ गया है, जिनके उत्तर मिलने आसान नहीं होंगे।

### राष्ट्रीय संदर्भ में कॉकरोच आंदोलन

केंद्रीय शिक्षामंत्री का इस्तीफा हो गया। लोकतंत्र में अक्सर ऐसे परिणाम सामान्य बात हैं, लेकिन केंद्र सरकार को सतर्क होना होगा कि ऐसे आंदोलन कहीं विदेशी भारत विरोधी शक्तियों द्वारा तो संचालित और निर्देशित नहीं हो रहे हैं। निरंतर विकसित हो रहे भारत की प्रगति से दुनिया के अनेक पूर्ण विकसित राष्ट्र बेचैन हो गए हैं। एक नई बहु आयामी शक्ति बन रहे भारत से अमेरिका जैसे देशों में बैठे डीप स्टेट के धुर भारत विरोधी लोग नहीं पचा पा रहे हैं। नहीं तो क्या अमेरिका में रहने वाले युवाओं का एक भारतीय समूह ने कॉकरोच जनता पार्टी बनाई और दुनिया भर से उसके करोड़ समर्थक रातों-रात बन जाते हैं। हालांकि उनमें सबसे कम भारत के ही युवा थे, लेकिन यह पार्टी आंदोलन दिल्ली के जंतर-मंतर पर करती है और अपने उद्देश्य में किसी सीमा तक सफल भी हो जाती है। यह अलग बात है कि इस युवा आंदोलन में छात्र वर्ग तो कम रहा, लेकिन अराजक तत्वों की भारी भीड़ आंदोलन में पहुंचने लगी, जो जंतर-मंतर की बजाय कनॉट प्लेस जैसे दिल्ली के प्रमुख स्थलों पर पहुंचकर हिंसा करने लगी और केवल पुलिस और सुरक्षा बलों को टारगेट करने लगी। हिंसा तो तीन-चार दिन चली, लेकिन आधुनिक सुविधाओं से लैस पुलिस अब वर्षों तक इन हमलावरों का हिसाब करेगी।

### 33 प्रतिशत महिलाओं वाली संसद की कल्पना

इस आंदोलन में, विशेष कर लड़कियों द्वारा दिखाई गई अप्रत्याशित फूहड़ता, अश्लीलता, प्रधानमंत्री को भद्दे-भद्दे बोल बोले गए। यह युवाओं में एक विशेष प्रकृति की जेन जी विकसित हो जाने के संकेत हैं। जरा कल्पना कीजिए वर्ष 2047 के विकसित भारत की संसद और विधानसभा में एक तिहाई महिलाओं की मौजूदगी हो जाएगी। कोई आश्चर्य नहीं की जंतर-मंतर में फूहड़ता का नंगा नाच कर चुकीं ये लड़कियां, कुछ वर्षों बाद राजनीति का



रास्ता चुनकर जनप्रतिनिधि भी बन जाए और विधानसभा अथवा संसद में बहस का हिस्सा बनें। आंदोलन में विशिष्ट पहचान बना चुकीं ये लड़कियां या देश के अन्य क्षेत्रों में फल-फूल रही इस प्रजाति की नेता कल संसद में पहुंचेंगी, तो वहां बहस का स्तर क्या होगा? यह प्रजाति जब बहस में सबकी मां-बहन एक करेगी, तब शायद आज की सरकार और संसद को अपने निर्णय पर शर्म आएगी कि उन्होंने आखिर इन्हें 33 प्रतिशत का अधिकार क्यों दे दिया। आप कहेंगे यह बात सभी महिला जनप्रतिनिधियों पर कैसे लागू हो सकती है, आप ठीक सोच रहे हैं, लेकिन इस बार जंतर-मंतर पर लड़कियों ने इतना अश्लील और गैर मर्यादित प्रदर्शन किया है कि भारतीय नारी की परिभाषा ही बदल सी गई है। विदेशी तो पहले ही भारत को सांप-सपेरों का देश कहते रहे हैं, लेकिन अब शायद अश्लील युवा विशेषकर लड़कियों वाला देश कहेंगे।

### सामाजिक द्वंद्व से गुजरती दो पीढ़ियां

तेजी से आधुनिक हो रहे भारतीय समाज की बुजुर्ग और युवा पीढ़ी में भारी द्वंद्व चल रहा है। बड़ी पीढ़ी अभी परंपरा और मर्यादाओं से से बंधी हुई है, लेकिन युवा पीढ़ी तेजी से आधुनिकता की दौड़ में रॉकेट गति से उड़ रही है। पहली बार घर से निकालकर अपने पैरों पर खड़े होने वाली लड़कियां तो लड़कों की तुलना में और भी तेजी पकड़ चुकी हैं। महानगरों में घर-परिवारों से दूर अकेले रहना, इन्हें पारिवारिक मर्यादाओं से दूर कर रहा है। जंतर-मंतर पर खुलेआम सिगरेट पीना, नशा करना, आधे अधूरे कपड़े पहनना और गंदी-गंदी गालियां देना, तब पता चलता है कि यह युवा पीढ़ी किधर निकल चुकी है। इस प्रजाति की कुछ लड़कियां कल राजनीति के रास्ते विधानसभा और संसद में भी पहुंच सकती हैं, तब के मर्द राजनेता अभी से सतर्क हो जाएं।

### पारिवारिक संदर्भ में यह युवा प्रजाति

संविधान ने लड़के/ लड़की को बराबर का अधिकार दिया है। विशेष कर मोदी युग में प्रत्येक अभियान की सुविधा भी महिलाओं के नाम ही दी जाती है। इधर लड़कियां पढ़-लिखकर लड़कों की तरह घर से दूर शहरों में उच्च शिक्षा ले रही हैं अथवा नौकरी कर रही हैं। परिणाम यह होता है कि इनका अकेलापन इन्हें पारिवारिक मर्यादाओं और सामाजिक परंपराओं से दूर कर देता है और फिर जंतर-मंतर पर ऐसी अनेक लड़कियां फूहड़ता का प्रदर्शन करने में नहीं हिचकतीं, लेकिन सोशल मीडिया के इस युग में आज कोई हजारों मील दूर रहकर भी हर पल पास ही रहता है। विशेष कर आप जब कोई गैर सामाजिक प्रदर्शन करते हैं तो मिनट सेकंडों में आपके परिवार और शहर को भी पता चल जाता है कि आप किस शैली में उनका नाम रोशन कर रही हैं। एक ओर पीवी सिंधु,भारतीय महिला क्रिकेट टीम, कॉमनवेल्थ गेम्स में अनेक लड़कियां मेडल लेकर देश का नाम रोशन कर रही हैं और दूसरी ओर जंतर- मंतर वाली लड़कियां। फर्क साफ है। सोच बदलनी होगी।

# सदाचार के मार्ग पर बढ़ने की प्रेरणा देते हैं गुरु- महंत राधेश्याम

## वेद निकेतन धाम में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई गुरु पूर्णिमा

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** उत्तरी हरिद्वार स्थित प्रख्यात धार्मिक संस्था वेद निकेतन धाम में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर धामपुर स्थित प्रसिद्ध श्रीराम मंदिर आश्रम के पीठाधीश्वर एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शिव कथा मर्मज्ञ महंत श्री राधेश्याम महाराज के पावन सानिध्य में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे शिष्यों और श्रद्धालु भक्तों ने विधि-विधानपूर्वक गुरु पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महंत श्री राधेश्याम महाराज ने कहा कि सनातन संस्कृति में गुरु को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। गुरु ही शिष्य के जीवन से अज्ञानता का अंधकार दूर कर उसे ज्ञान, सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। गुरु पूर्णिमा केवल गुरु पूजन का पर्व नहीं, बल्कि गुरु और शिष्य के बीच आस्था, श्रद्धा, विश्वास,



सम्मान और समर्पण के पवित्र संबंध को और अधिक मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि श्रद्धा, विश्वास और निष्ठा के साथ गुरु मंत्र का जाप एवं साधना करने से साधक के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। गुरु का मार्गदर्शन व्यक्ति को जीवन की कठिन परिस्थितियों का धैर्य और साहस के साथ सामना करने की शक्ति प्रदान करता है। महंत श्री राधेश्याम महाराज के कृपापात्र आचार्य शशिकांत वशिष्ठ महाराज ने कहा कि गुरु पूर्णिमा गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और समर्पण प्रकट करने का पावन पर्व है। जो शिष्य अपने गुरुदेव के प्रति पूर्ण विश्वास रखते हुए उनके बताए सतमार्ग पर चलते हैं, वे अपने जीवन को सही दिशा प्रदान करने में सफल होते हैं।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दौरान रविकांत पाण्डेय, मनीष कुमार, वेद प्रकाश, शिवचरण, अनिल गोयल, बलवीर सिंह, ममता चौहान, संपत लाल सोनी, मोनू बघेल, सुमित, नरेश एवं गौरव वशिष्ठ सहित राजस्थान, झारखंड, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं एवं शिष्यों ने महंत श्री राधेश्याम महाराज का विधिवत पूजन-अर्चन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर वेद निकेतन धाम में दिनभर भक्ति और आध्यात्मिकता का वातावरण बना रहा।

# मंदिर के पुजारी को सम्मानित किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह द्वारा शंभा बाजार स्थित मंदिर के पुजारी को अंग वस्त्र एवं दक्षिणा देकर सम्मानित किया। इसके उपरांत डॉ. अरविंद शर्मा के आवास ज्योतिष भवन पहुंचकर प्रख्यात ज्योतिषाचार्य स्वर्गीय पंडित राजाराम शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। तदोपरांत वार्ड 29 का निरीक्षण किया गया एवं सफाईकर्मियों को तुरंत सफाई कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया एवं सड़कों का पुनर्निर्माण करने का भी आदेश दिया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश अग्रवाल टिंकू के आवास पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह एवं बीरबल सिंह ने कहा कि नगर का पूर्ण विकास ही उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर नामित सभासद आशीष अग्रवाल, मनोज बालियान, हिमांशु शर्मा, विशाल शर्मा, फोनी भाई, उषा शर्मा, मायापाल, संतोष देवी, शैल खन्ना, केडी भारद्वाज, राजीव सोती तिलकधारी, अमित चौधरी, पिंकी, आयुष अग्रवाल, विजेंद्र सिंह, अर्पित चौधरी, कर्मवीर आदि बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## अट्टे वाले बाबा के मंदिर पर हुआ विशाल भण्डारा

**हल्दौर ( चिंगारी )।** आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अट्टे वाले बाबा के मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लाक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया और धर्म लाभ कमाया। यहां नूरपुर मार्ग पर स्थित अट्टे वाले बाबा के मंदिर पर गुरु पूर्णिमा के मौके पर आयोजित भंडारे में ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह शामिल हुए और उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद लिया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ नेता विजयपाल चौहान, मनोज कुमार, मनोज चौधरी आदि मौजूद रहे।

## सीएलएफ मैनेजर रुखसार, पूजा ठाकुर व ललिता ब्लैक लिस्ट



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** ग्राम संगठन दीप प्रेरणा महिला संकुल समिति कलस्टर धनौरा ब्लॉक नजीबाबाद की मैनेजर रुखसार अंजुम पर आरोप था कि उनका व्यवहार मीटिंग में शामिल होने वाली महिलाओं के साथ अच्छा नहीं था, कहा यह भी जा रहा था कि वह ऋण कमेटी के किसी भी ग्राम संगठन पहुंच जाती थीं और उन्हें परेशान भी करती थीं। पैसे मांगने का आरोप भी समूह की महिलाओं ने लगाया था। यह शिकायत पीड़ित महिलाओं ने बीडीओ नजीबाबाद एवं अन्य विभागीय उच्च अधिकारियों से की थी। अधिकारियों के निर्देशानुसार जिसकी जांच के बाद दीप प्रेरणा महिला संकुल समिति की विशेष बैठक मे सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सीएलएफ स्टाफ पूजा ठाकुर अकाउंटेंट, ललिता (मिस असिस्टेंट) व रुखसार अंजुम (सीएलएफ़ मैनेजर) को दोषी पाए जाने पर सीएलएफ़ के स्टाफ़ पद से कार्य मुक्त कर दिया गया। साथ ही इन्हें एनआरएलएम के सभी कैडर पद से ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है।

## गुरु पूर्णिमा पर्व पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**गंज ( चिंगारी )।** गुरु पूर्णिमा पर ग्राम निजामतपुरा उमा महेश ब्रह्मचारी जी के आश्रम पर हजारों की संख्या में आए श्रद्धालुओं ने श्री श्री 10008 श्री ताराचंद महाराज जी की प्रतिमा के समक्ष दीपक जलाकर सुखी जीवन की कामना की। साथ ही गद्दी आसीन आत्मानंद ब्रह्मचारी जी के चरणों में फल, पुष्प, वस्त्र, दक्षिणा, प्रसाद चढ़ाकर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर नरावली निवासी डॉ. नरेन्द्र कुमार शर्मा एवं उनकी पत्नी मधुबाला शर्मा ने श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर यज्ञ में पूर्णाहुति दी तथा गुरु गद्दी पर विराजमान आत्माराम ब्रह्मचारी जी के तिलक-पूजन कराया। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह एडवोकेट ने भी गुरुजी के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। उमा महेश आश्रम में हुए भंडारे में चौधरी मूलचंद, चौधरी गजराज सिंह, पवन कुमार शर्मा, पुखराज सैनी, कल्याण सिंह सैनी, कमल कुमार, नरेश, महेश सैनी, रघुवंश सिंह राणा, पूर्व जिला परिषद सदस्य रतिराम सिंह, अजय कुमार, पंडित दिनेश शर्मा, कुलदीप चिकारा, गजराज सिंह चिकारा, श्रीमती सुमन चिकारा आदि का मुख्य योगदान रहा।

## इम्पीरियल स्कूल में जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल नजीबाबाद में जिला एथलेटिक्स संघ, बिजनौर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार एवं बिजनौर एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव ओवन राज सिंह, एसोसिएशन आयोजक कपिल चौधरी उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का प्रभावशाली मंच संचालन शाज़िया परवीन द्वारा किया गया। जबकि खेल स्पर्धाओं के दौरान शिक्षक विजय की कमेंट्री ने खिलाड़ियों व दर्शकों में विशेष उत्साह का संचार किया। प्रतियोगिता में अंडर-8, 12, 14, 16, 18 एवं ओपन वर्ग की विभिन्न स्पर्धाओं, 50, 100, 200, 400, 600, 800, 1000 एवं 1600 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉट पुट, जैवलिन थ्रो, ट्राइथलॉन तथा पेंटाथलॉन जैसी प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। इस प्रतियोगिता में इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल, नजीबाबाद, इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल, रायपुर, आर.आर. मोरारका पब्लिक स्कूल, डीडी पब्लिक स्कूल, बिजनौर, बीपीएस स्कूल, डीपीएस बिजनौर, ओम इंटरनेशनल स्कूल, सिटी पब्लिक स्कूल, एमडी. इंटरनेशनल स्कूल, एसएम एकेडमी, पीएनएस स्कूल, नजीबाबाद तथा कुंदन सिंह मेमोरियल स्कूल सहित जिले के अनेक विद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। विजेता खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक दीपक राजपूत, प्रधानाचार्या डॉ. अंजना राजपूत, रायपुर शाखा की प्रधानाचार्या श्रीमती अंकुर त्यागी ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## खुर्शीद मंसूरी को विधानसभा भेजने का संकल्प लिया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद विधानसभा के ग्राम रम्मनवाला (किशोरपुर) में आज़ाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने जनसंपर्क किया, जिसमें लोगों से 2027 में राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आज़ाद के हाथों को मजबूत करने का आव्हान किया। वक्ताओं ने कहा कि आज़ाद समाज पार्टी ही मुस्लिम, दलित व ओबीसी की हितैषी हैं। आसपा ने हाल ही में दिल्ली जंतर मंतर पर नीट पेपर लीक को लेकर छात्रों के प्रोटेस्ट का मजबूती से समर्थन किया तथा मोहम्मद अली ज़ौहर यूनिवर्सिटी के गिराने के आदेश की ख़िलाफ़ पूरे उत्तर प्रदेश में जिला मुख्यालय पर पार्टी ने धरना प्रदर्शन किया। जनता ने एकजुट होकर आज़ाद समाज पार्टी के संभावित प्रत्याशी खुर्शीद मंसूरी का साथ देकर विधानसभा भेजने का संकल्प लिया। इस मौके पर इक़बाल अहमद, शहज़ाद राईन, दिलशाद अब्बास, मुजम्मिल, गेंदा सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मोहम्मद साहिल, मोहम्मद समीर, परवेज, दीपांशु आदि शामिल रहे।





# समझौते के बाद दुकान को लेकर चल रहा विवाद समाप्त



**धामपुर ( चिंगारी )।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मार्ग पर स्थित जगदीश विजन एंड संस की किराए की दुकान को लेकर पिछले 5 दिन से चल रहे विवाद को लेकर आज दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। दुकान स्वामी प्रियंका राजपूत, उनके पिता जगदीश चौहान व बबीता रानी ने उपजिला अधिकारी धामपुर नितिन कुमार से भेंट कर उन्हें विवाद के बारे में अवगत कराने के बाद पत्रकारों से वार्ता की। जगदीश चौहान ने बताया कि दुकान को लेकर उनके दामाद देवाशीष ठाकुर ने जो 10 वर्ष का किराया लेकर 2000 रुपए प्रतिमाह किराए पर दुकान देने का एग्रीमेंट किया था, वह एग्रीमेंट उनकी मृत्यु हो जाने के बाद अब निरस्त होगा तथा नये सिरे से एग्रीमेंट रजिस्टर्ड किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 11 माह का किराएदारी का एग्रीमेंट होगा और 15000 रुपए प्रतिमाह किराया निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि किराएदार डॉक्टर अमित गुप्ता और अमिश गुप्ता के साथ वार्ता हो गई है।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार की रात 8 बजे केदारनाथ अग्रवाल धर्मशाला फल चौक पर हुई बैठक के बाद व्यापारी और व्यापार मंडल के प्रतिनिधि थाने पहुंचे थे, जहां उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी से वार्ता कर दुकान खुलवाने की मांग की थी जिस पर पुलिस ने सुबह दुकान खुलवाने की बात कहते हुए कहा था कि समझौता कर लीजिए यही उचित रहेगा। अब दोनों पक्षों के बीच समझौता वार्ता के बाद इस मामले का पटाक्षेप हो गया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में हुई वेश प्रतियोगिता



प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का मूल्यांकन करतीं श्रीमती माधुरी बजाज एवं श्रीमती दीपाली कौशिक।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** मंगलवार को नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विद्यालय स्तर पर वेश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में अनुशासन, व्यक्तित्व विकास एवं विद्यालयीन वेशभूषा के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य सुदर्शन सिंह ने कहा कि वेशभूषा व्यक्ति की पहचान होती है और उसके व्यक्तित्व की पहली छाप प्रस्तुत करती है। प्रतियोगिता में कक्षा 6 में कनक प्रथम, काव्यांश द्वितीय एवं प्रतीक तृतीय रहे। कक्षा 7 में अक्षिता प्रथम, पाखी द्वितीय एवं सारांश तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 8 में कार्तिक प्रथम, विभूति रस्तोगी द्वितीय तथा निमित्त रहेला तृतीय रहे। कक्षा 9 में खुशी रानी प्रथम, परिधि गहलोत द्वितीय एवं कशिश कश्यप तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 10 (अ) में परमवीर प्रथम, अर्पित द्वितीय एवं आदित्य तृतीय रहे, जबकि कक्षा 10 (ब) में अंशिका प्रथम, भूमिका द्वितीय एवं सचिन तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 11 (अ) में मोहम्मद अल्फैज प्रथम, हर्ष द्वितीय एवं माधव खेड़ेवाल तृतीय रहे। कक्षा 11 (ब) में पावनी प्रथम, इनाया द्वितीय एवं मनसा रस्तोगी तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 12 (अ) में मोहम्मद इजहान प्रथम, धैर्य शर्मा द्वितीय एवं तनिष्क चौहान तृतीय रहे, जबकि कक्षा 12 (ब) में कशिश रानी प्रथम, मानवी चौहान द्वितीय एवं मयंक चौहान तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में श्रीमती रजनी गुप्ता, श्रीमती दीपाली कौशिक, श्रीमती माधुरी बजाज एवं श्रीमती अलका गुप्ता शामिल रहीं।

# कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**हल्दौर ( चिंगारी )।** पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हल्दौर, बिजनौर द्वारा जनपद बिजनौर के चयनित 35 लाभार्थियों व प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना 'एग्री जंक्शन वन स्टॉप शॉप' के अंतर्गत तेरह दिवसीय प्रशिक्षण का समापन संस्थान के निदेशक मनीष कुमार गौतम ,एग्रीकल्चर एडीओ नरेंद्र मालिक व एडीओ प्लांट प्रोटक्शन आशीष तोमर के द्वारा सुशील कुमार, मौहम्मद सरीम, मौहम्मद शाहरुख, हरिओम, जितेंद्र सिंह, हैप्पी, दीक्षित, जॉनी कुमार, सौरभ, वर्षा, अभिषेक, विशाल राजपूत, रीना आदि 35 लाभार्थियों व प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर किया गया। इसके पश्चात उन्होंने कृषि से संबंधित विभिन्न योजनाओं जैविक खाद्य, बीज व विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी दी और उनको किसान गोष्ठी करने के लिए भी प्रेरित किया। व्यवसाय में अपने व्यवहार, कंपटीशन, मार्केटिंग का भी ध्यान रखने के लिए मार्गदर्शन किया। इस समापन कार्यक्रम में एडीओ एग्रीकल्चर नरेंद्र मालिक ने भी एग्री जंक्शन लाइसेंस को ऑनलाइन करने के लिए उनको जागरूक किया। जिससे वह जल्द से जल्द अपना कार्य शुरू कर सकें। ट्रेनिंग के दौरान सभी लाभार्थियों को उद्यमी गुण, सामाजिक सुरक्षा, बीमा, पेंशन, मार्केट सर्वे, गेम्स, प्रोजेक्ट रिपोर्ट और बैंकिंग जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। सभी लाभार्थियों को कृषि विज्ञान केंद्र नगीना में यूनिट विजिट भी कराई गई। डीएसटी अमर सिंह द्वारा कीटनाशक दवाइयां, जैविक खाद और विभिन्न बीमारियों की जानकारी विस्तार से दी गई। ट्रेनिंग के दौरान कुछ लाभार्थियों ने अपना अनुभव भी साझा किया, जिससे वन स्टॉप शॉप शुरू करने में उन्हें किसी परेशानी का सामना भी न हो। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन संकाय सदस्य विकास सिंह के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में आरसेटी स्टॉफ सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# लेखाकारों का प्रशिक्षण शुरू



**हल्दौर ( चिंगारी )।** जिला ग्राम्य विकास संस्थान, हल्दौर पर उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्राम संगठनों के लेखाकार का सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र का शुभारम्भ जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. अजीत कुमार तथा प्रशिक्षकगण ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में डा. अजीत कुमार ने सभी प्रतिभागियों से पूरी लगन तथा एकाग्रता से प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपील की, निश्चित ही प्रशिक्षण उपरांत आपकी कार्य क्षमता व आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी होगी। प्रशिक्षण सत्र में जनपद के मास्टर ट्रेनर डीआरपी सरिता तथा राखी द्वारा सत्र के प्रथम दिन सामुदायिक संस्थाओं का निर्माण, पुस्तक संचालन, योग्यता, जबाबदारी तथा पुस्तक संचालन के कार्य आदि पर जानकारी उपलब्ध कराई।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER

कम डाउन पेमेंट

कम ब्याज दर

ATHER

आज ही लायें एथर स्कूटर



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।

मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

## गुरु पूर्णिमा पर हुये हवन-यज्ञ और भण्डारे

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** आज गुरु पूर्णिमा पर जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने विभिन्न आश्रमों, मंदिरों में जाकर अपने गुरुओं की पूजा की और उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। नांगल में प्राचीन कुआं शिव मंदिर पर यज्ञ-हवन कर भंडारे का आयोजन किया गया। सुरेन्द्र सैनी, प्रकाश सैनी एड., राजेश राजपूत, निरंकार सिंह, नीरज राजपूत, मा. पुष्पेन्द्र राजपूत, संतोष देवी, प्रवेश राजपूत आदि का मुख्य सहयोग रहा। ग्राम खानपुर में नाथ जी की कुटी वाले मंदिर पर यज्ञ-हवन कर भंडारा आयोजित किया गया। आयोजन में दिनेश परमार, राजेन्द्र सिंह, जनेशपाल सिंह, ठाकुर सिंह, राकेश परमार, सुधीर भुईयार, अमर सिंह, विपुल उर्फ बिट्टू पहलवान, तपेश्वर सिंह, सत्यपाल सिंह आदि का प्रमुख रूप से सहयोग रहा। खादर क्षेत्र स्थित भूरिया स्रोत आश्रम पर भी भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने ओमपुरी महाराज, कपिल पुरी महाराज से आशीर्वाद लिया। यूपी-उत्तराखंड की सीमा के नजदीक गैंडीखाता (उत्तराखंड) के वन क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध एवं प्राचीन सिद्धकुटी मंदिर पर भी भंडारे का आयोजन किया गया। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी श्रद्धालुओं ने भंडारों का आयोजन किया।

### गंगा में डुबकी लगाई

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** आज गुरु पूर्णिमा पर काफी लोगों ने स्थानीय गंगा घाट पर पहुंचकर आस्था एवं विश्वास की डुबकी लगाई। अब श्रद्धालुओं को गंगा स्नान करने के लिये ज्यादा लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ रही है। अब गंगा की इस ओर की धारा में भी काफी पानी है, जबकि बरसात से पहले श्रद्धालुओं को गंगा स्नान के लिये उत्तराखंड की ओर की धारा पर लंबी दूरी तय करके जाना पड़ रहा था। उस समय इस ओर की धारा सूखी पड़ी थी। कल से श्रावण (सावन) का महीना शुरू हो रहा है।

# कांवड़ यात्रा को लेकर एसपी ने संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी के निर्देश दिये



**बिजनौर ( चिंगारी )।** श्रावण कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोजित गोष्ठी में एसपी अभिषेक झा ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे और किसी भी स्थिति में लापरवाही न बरती जाए। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने तथा आपसी समन्वय के साथ ड्यूटी का निर्वहन करने के निर्देश दिए। पुलिस लाइन में आयोजित गोष्ठी में एसपी अभिषेक झा ने कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, कांवड़ मार्गों पर सतर्क निगरानी, यातायात प्रबंधन, कांवड़ शिविरों की व्यवस्थाओं और कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। एएसपी सिटी डा. केजी सिंह ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा, यातायात और कानून-व्यवस्था को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पूरे जनपद में लगातार निगरानी रखी जा रही है। गोष्ठी में एएसपी देहात प्रकाश कुमार, एएसपी पूर्वी एके श्रीवास्तव, एएसपी गौतम राय, सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय, सीओ नजीबाबाद आकांक्षा गौतम, सीओ चांदपुर देशदीपक सिंह, सीओ नगीना राजेश सोलंकी, सीओ अफजलगढ़ आलोक कुमार, थाना प्रभारी तथा कांवड़ ड्यूटी में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### कंट्रोल रूम का निरीक्षण

गोष्ठी के बाद एसपी अभिषेक झा ने पुलिस लाइन स्थित कांवड़ कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कंट्रोल रूम से सभी गतिविधियों की लगातार निगरानी रखने, सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान सुनिश्चित करने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

## कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न होगी कांवड़ यात्रा, सीओ ने पत्रकारों को व्यवस्थाओं की जानकारी दी



**चांदपुर ( चिंगारी )।** पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह ने आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराये जाने के लिए पुलिस द्वारा की जा रही तैयारी के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते हुए उनसे सहयोग का आह्वान किया। मंगलवार की शाम को तहसील परिसर स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों को जानकारी देते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि तहसील परिसर में उनके कार्यालय के नजदीक में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जिसमें विद्युत,राजस्व,पीडब्लूडी, स्वास्थ्य, वन विभाग, फायर सर्विस आदि विभागों के कर्मचारियों को लगाया गया है। उन्होंने बताया कि सर्किल क्षेत्र के 94 किमी. एरिये में प्रत्येक दो किमी. पर दो पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। यह पुलिसकर्मी अपने दो किमी. के क्षेत्र में स्थिति पर नजर रखेंगे। उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा के रास्ते में सड़क किनारे खड़े भाग के पेड़ों को काटकर वहां की सफाई कराई गई है। सीसीटीवी कैमरे की समुचित व्यवस्था कराई गई है। सड़क के दोनों ओर पेड़ व खंभों पर रिफ्लेक्टर लगाये गये हैं तथा साथ ही बिजली खंभों पर 7 फुट प्लास्टिक लेयर लगाई गई है। उन्होंने बताया कि चांदपुर में ए केटागिरी 6 प्वाइंट व सर्किल क्षेत्र में 18 प्वाइट बनाये गये हैं ताकि ड्यूटी निरंतर बनी रहेगी। वहां तैनात कर्मचारियों के लिए टेंट बनाकर उनको रेन कोट, बैटरी व रिफ्लेक्टर आदि दिए गये हैं, ताकि जिस कांवरती वाहन में र रिफ्लेक्टर लगाये जा सके। उन्होंने बताया कि गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में बोर्ड लगाये गये हैं ताकि कांवरती सावधानी बरत सके। जहां आवश्यकता होगी, वहां गुलदार के लिए पिंजरे लगाये जाएंगे।



## हर्ष रस्तौगी ने एक लाख का जैकपॉट पुरस्कार जीता

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला किला निवासी हर्ष रस्तौगी पुत्र अनिल रस्तौगी ने ऑनलाइन फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म ड्रीम 11 पर शानदार प्रदर्शन करते हुए एक लाख का जैकपॉट पुरस्कार अपने नाम किया है। हर्ष रस्तौगी ने बताया कि उन्होंने इंग्लैंड की एक क्रिकेट लीग के मैच के लिए अपनी फैंटेसी टीम बनाई थी। प्रतियोगिता में कुल 26,87,477 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिनमें उन्होंने सर्वाधिक अंक अर्जित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के लिए उन्हें एक लाख का पुरस्कार मिला। हर्ष ने अपनी सफलता का श्रेय मैच के खिलाड़ियों के प्रदर्शन का सही आकलन करने और सोच-समझकर टीम चयन करने को दिया। उनकी इस उपलब्धि की जानकारी मिलने के बाद परिवार के सदस्यों, मित्रों और क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई दी है।






## पहले जमीन बेच दी अब जबरन वापसी के हथकंडे अपनाने का आरोप

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बजरिए बैनामा जमीन बेच देने के बाद जबरन वापसी के प्रयास का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने विक्रेता सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस पर सुनवाई न करने का इल्जाम लगाते हुए कोर्ट को दिए प्रार्थना-पत्र में मोहल्ला नौधना शेरकोट निवासी महताब पुत्र अली हुसैन ने बताया कि उसने 15-10-2023 को अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम कासमपुर गढ़ी निवासी मुस्तकीम मंसूरी पुत्र बशीर से रेहड़ क्षेत्र के ग्राम मौ. अलीपुर पट्टाघाट स्थित उसकी कृषि भूमि बजरिए बैनामा खरीदी थी और अब मुस्तकीम उसे जबरन वापस लेना चाहता है। महताब का आरोप है कि 14-6-2026 को वह खेत पर था कि वहां दो अज्ञात व्यक्तियों के साथ आए मुस्तकीम ने उसे गालियां और धमकी देते हुए तमंचे के बल पर उससे कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए, जिससे डर है कि वह उन कागजों का दुरुपयोग कर सकता है। महताब ने बताया कि उसने पुलिस से इसकी शिकायत की मगर सुनवाई न होने पर उसे कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। रेहड़ थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि इस सम्बंध में कोर्ट के आदेश पर दो अज्ञात सहित आरोपी मुस्तकीम मंसूरी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।




# शिवभक्त का सड़क पर गिरा मोबाइल कांस्टेबल ने लौटाया

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। हरिद्वार से गंगाजल लाते समय कल रात्रि जिला संभल के ग्राम सिंहपुर के निवासियों का एक जत्था मंडावली क्षेत्र से होकर गुजरा। जत्थे में शामिल गणेश कुमार का मोबाइल जटपुरा मार्ग पर चलते समय कहीं गिर गया। कांवड़िये को मोबाइल के गिरने का मालूम नहीं पड़ा। जब इनका जत्था मोटा महादेव मंदिर पर पहुंचा तो मोबाइल के गिरने का मालूम हुआ तो शिवभक्त ने उसे आसपास ढूंढा, लेकिन मोबाइल नहीं मिला। जटपुरा मार्ग पर कांवड़ ड्यूटी में लगे थाने के



कांस्टेबल विजय सिंह को मोबाइल सड़क किनारे गिरा मिला। विजय सिंह के द्वारा मोटा महादेव मंदिर पर पहुंचकर कांवड़ियों से मोबाइल के संबंध में पूछताछ की गई। जिस पर पता चला कि कांवड़ियों के जत्थे में शामिल गणेश कुमार का मोबाइल है। कांस्टेबल विजय सिंह के द्वारा सही से जानकारी कर मोबाइल कांवड़िये को लौटाया। मोबाइल को पाकर कावड़ियों ने मंडावली पुलिस की सराहना करते हुए भगवान शंकर का गुणगान किया।

# बिना पंजीकरण के संचालित संजीवनी हेल्थ केयर सेंटर संचालक पर मुकदमा दर्ज

नजीबाबाद (चिंगारी)। पुलिस ने सीएमओ कार्यालय के निर्देश पर इलाज में लापरवाही की शिकायत और बिना पंजीकरण अस्पताल संचालित किए जाने के मामले में पुलिस ने संजीवनी हेल्थ केयर सेंटर के संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम मोहम्मदपुरा अलीपुर अलीमुद्दीन निवासी फैजान ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी के उपचार में संजीवनी हेल्थ केयर सेंटर की ओर से गंभीर लापरवाही बरती गई। शिकायत मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मुस्कान पत्नी तहजीब व शबाना पत्नी शमीम निवासी मिलक भर्ती मिलीं। जांच में पता चला कि एक मरीज का 17 जून को डॉ. संदीप पाठक द्वारा ऑपरेशन किया गया था। इसके बाद अस्पताल संचालक व संबंधित चिकित्सक को आवश्यक अभिलेखों के साथ तीन दिन के भीतर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में उपस्थित होने का नोटिस जारी किया गया, लेकिन निर्धारित समयावधि में कोई उपस्थित नहीं हुआ। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि संजीवनी हेल्थ केयर सेंटर का मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में पंजीकरण नहीं था और अस्पताल बिना वैध पंजीकरण के संचालित किया जा रहा था। डिप्टी सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार के पत्र के आधार पर थाना नजीबाबाद पुलिस ने संजीवनी हेल्थ केयर सेंटर के संचालक डॉ. संदीप पाठक निवासी ग्राम खिदरीपुरा थाना कोतवाली नजीबाबाद के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## महापुरूषों के आदर्शों को जीवन में उतारें: राजकुमार कश्यप

नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम सभाचंदपुर भरैका के सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार कश्यप ने कहा है कि भारत वर्ष गुरूओं, संतों मुनियो, ऋषियों व महर्षियों का देश है, जिनके चलते देशवासी संस्कृति को रचने वाले महापुरूषों के आदर्शों को जीवन में उतारने व सदा उन्हें याद करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि गुरूओं, महापुरूषों की अमृत वाणी ही भारतीय संस्कृति की पहचान है। सभी महापुरूषों का निरंतर आदर करते रहना चाहिए, यह नि:संदेह राष्ट्र की एकता एवं विकास के लिए हितकारी होगा। महापुरूषों के सिद्धांतों पर चलकर ही देश की एकता व अखण्डता बनाये रखी जा सकती है।

## सपा नेता फुरकान खान ने रामपुर पहुंचकर तंजीन फातिमा को दिया समर्थन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के वरिष्ठ सपा नेता मौ0 फुरक़ान खान अपने साथियों के साथ रामपुर मोहम्मद अली ज़ौहर यूनिवर्सिटी पहुंचे। उन्होंने बताया कि रामपुर यूनिवर्सिटी जाने वाले हर रास्ते पर पुलिस लगी है, जो किसी को वहां जाने नहीं दे रही हैं, लेकिन वे लोकल लोगों की मदद से गांव व जंगल के रास्ते यूनिवर्सिटी तक पहुंच गये तथा उन्होंने यूनिवर्सिटी को सेफ रखने को लेकर चल रही मुहिम में शिरकत




की। वहां उन्होंने अपने साथियों के साथ पूर्व सांसद एवं मौ. आज़म खान की धर्मपत्नी तंज़ीम फातिमा से मुलाक़ात कर उन्हें अपना समर्थन दिया। तंजीम फातिमा ने उन्हें व उनके साथियों को अपने ऑफिस बुलाकर रामपुर पहुंचकर समर्थन देने के लिए शुक्रिया कहा। इस मौके पर वसीम मकरानी, आफताब राईन, अफ़सर कुरैशी, इकराम अंसारी मौजूद रहे।

## रसोइया ने प्रधानाचार्य पर लगाया जबरन हटाने का आरोप

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम परतापुर की रहने वाली अनुसूचित जाति की महिला रीना पत्नी मुकेश कुमार ने डीएम व एसपी को शिकायती पत्र देकर एक प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रीना व एक अन्य महिला पिछले कई वर्षों से विद्यालय में मिड-डे मील बनाने का कार्य कर रही थीं। उनका आरोप है कि प्रधानाचार्य ने उन्हें मनमाने ढंग से कार्य से हटाने की कोशिश की, विरोध करने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार कर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपमानित किया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि 16 जून 2026 को विद्यालय में सफाई के दौरान अलमारी गिरने से वह घायल हो गई थीं, लेकिन उन्हें समय पर उचित उपचार नहीं मिला। 20 जुलाई 2026 को प्रधानाचार्य द्वारा उनके साथ मारपीट, हाथापाई व पुलिस बुलाकर जेल भिजवाने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि 112 नंबर पर पुलिस को सूचना देने के बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिला। महिला का आरोप है कि उनसे धोखे से दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए गए और उनकी जगह नई रसोइया की नियुक्ति की गई। उन्होंने डीएम से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है।


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर

ई प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

पत्रांक :– 4129/ई–निविदा–रा0वृत्त/26–27 दिनांक : 18.07.2026

1:– महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर द्वारा आईटम दर प्रतिशत पर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदायें वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से आथराइज्ड रजिस्टर्ड निविदादाताओं से दिनांक 03.08.2026 प्रातः 10.00 बजे से 10.08.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री–क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड दिनांक 10.08.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे उपस्थित/अधिकृत रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई पाये गये ठेकेदारों की फाईनेंशियल बिड खोले जाने के दिनांक व समय हेतु पृथक से सूचना इस कार्यालय द्वारा जारी की जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री–क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

2:–कार्यो का विवरण निम्नवत् है:–

| क्र सं. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित (लागत रू0 लाख में) | धरोहर धन राशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | संबंधित अधीक्षण अभियन्ता का पता | संबंधित मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | बिजनौर | बिजनौर कोतवाली मार्ग (शक्ति चौक से वी0के0आई0टी0 तक) के सतह सुधार का कार्य। | 850.00 | 17.00 | 12 माह (वर्षाकाल सहित) | 2354.00 (ऑनलाइन भुगतान केवल नेट बैकिग द्वारा ही मान्य) | ए. मार्ग श्रेणी | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बिजनौर | रामपुर वृत्त लो0नि0वि0 रामपुर | मुरादाबाद क्षेत्र, लो0नि0वि0 मुरादाबाद |

- सभी कार्य पूर्णता के उपरान्त 2 वर्ष अनुरक्षण अवधि सहित।
- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुये तथा जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क टेबिल के कॉलम 5 व 7 के अनुसार ऑन लाईन बैंकिंग द्वारा जमा करनी होगी।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेईस–7–2020–176(सा0)/06 लोक निर्माण अनुभाग–7 दिनांक 25.08.2020, शासनादेश संख्या 879(1)/तेईस–7–2020–176(सा0)/06 लोक निर्माण अनुभाग–7 दिनांक 25.08.2020 एवं प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष के पत्रांक 417/13रो0ए0मै0खं0/20 दिनांक 28.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http//wms.uppwd.gov.in/prahariपर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होंगे।

R.O.No. 254144 Date: 27.07.2026
UPID.www.upgov.nic.in

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बिजनौर
Ph. 01342 – 262776
Email – pdbijnor@gmail.com

अधीक्षण अभियन्ता
रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0, रामपुर
Ph. 0595 – 2351163
Email – pwdrampur@gmail.com


## तेज बारिश व हवा से गिरीं दुकान, हुआ लाखों का नुकसान

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र में बीती रात हुई तेज बारिश व हवा से बुंदकी मार्ग स्थित गन्ना सोसायटी कार्यालय के बाहर बनीं कई छोटी दुकानें ढह गई। हादसे में कई दुकानदारों की वर्षों की मेहनत पलभर में मलबे में तब्दील हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार देर रात तेज बारिश व तेज हवाओं के बीच अचानक पुरानी बनी कई दुकानें भरभराकर गिर गईं। सुबह जब स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तो दुकानों का सामान मलबे में दबा मिला। सूचना मिलने पर आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। दुकानदारों ने बताया कि दुकानों के साइड में बने पिलरों के आसपास लंबे समय से पानी भर रहा था। लगातार बारिश के कारण मिट्टी पूरी तरह कमजोर हो गई, जिससे पिलर अपनी मजबूती खो बैठे और ढह गए। उनका कहना है कि यदि समय रहते जल निकासी की व्यवस्था की जाती तो शायद यह हादसा टाला जा सकता था। हादसे में दुकानदार संजय, अनिरुद्ध व असलम की दुकानों को काफी क्षति पहुंची है। वहीं पास में स्थित कलवा की दुकान, जो पिछले कई दिनों से बंद पड़ी थी, पूरी तरह ढह गई है। दुकानदारों का कहना है कि उनकी दुकानें ही परिवार की आय का मुख्य साधन थीं अब उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। घटना के बाद पीड़ित दुकानदारों ने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने तथा स्थायी जल निकासी एवं सुरक्षा व्यवस्था कराने की मांग की है।

## लकड़ी माफिया की कवरेज करने गए पत्रकार को धमकी

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। जलालाबाद बाईपास पर लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की कवरेज करने गए एक पत्रकार के साथ दबंगों द्वारा गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें आरोपी खुलेआम धमकी देते नजर आ रहे हैं। नजीबाबाद थाना क्षेत्र की आजादनगर कालोनी निवासी पत्रकार आकिफ हुसैन पुत्र जाहिद हसन ने इस मामले में पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 26 जुलाई की रात्रि करीब 10 बजे वह जलालाबाद बाईपास स्थित पेट्रोल पंप के सामने चौधरी ढाबे के पास गये थे, जहां कवरेज के दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने इसका विरोध कर पत्रकार के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पत्रकार ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की।


**Information**

In school record of my daughter SANA TOSEEF, our name TOSSEF KHAN and KULSOOM FATIMA is written wrongly. Our correct name is TOSEEF and KULSUM FATIMA URF HUMA. Resident of Mohalla Mehandi Bagh, Najibabad Tehsil and Police Station, Najibabad, District Bijnor, Uttar Pradesh – 246763

# शामली-गोरखपुर हाईवे के लिए मिट्टी की गुणवत्ता व भू स्थिति का आकलन शुरू

**स्योहारा (चिंगारी)।** प्रस्तावित शामली-गोरखपुर हाईवे परियोजना के तहत बुढ़नपुर क्षेत्र में मिट्टी जांच का कार्य शुरू हो गया है। हालांकि, जिन किसानों की भूमि से प्रस्तावित हाईवे मार्ग गुजर रहा है, उनका कहना है कि अभी तक



## लेकिन भू स्वामियों को कोई जानकारी नहीं

प्रशासन या संबंधित विभाग की ओर से भूमि अधिग्रहण अथवा अन्य औपचारिकताओं को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई। बुढ़नपुर क्षेत्र में प्रस्तावित शामली-गोरखपुर हाईवे के निर्माण की दिशा में प्रारंभिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। परियोजना के तहत संबंधित एजेंसी ने मिट्टी की गुणवत्ता और भू-स्थिति का आकलन करने के लिए जांच कार्य शुरू कर दिया है। प्रस्तावित हाईवे पाइन्दापुर, लाम्बाखेड़ा, काजीपुरा, कासमाबाद, कृष्णारामपुर सहित आसपास के कई गांवों से होकर गुजर रहा है। ग्रामीणों के अनुसार खेतों से मिट्टी के नमूने लिए जा रहे हैं और सर्वे का कार्य जारी है, लेकिन अब तक किसानों को भूमि अधिग्रहण, मुआवजे अथवा अन्य प्रक्रियाओं के संबंध में कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। किसान तसलीम अहमद, अफजाल, इरफान, जरिफा, साबिर हुसैन, शाहिद हुसैन और अकबर अली ने बताया कि उनके खेतों में मिट्टी जांच का कार्य शुरू हो चुका है, लेकिन किसी भी अधिकारी ने उनसे संपर्क कर परियोजना की जानकारी साझा नहीं की है। किसानों का कहना है कि प्रशासन को समय रहते उन्हें प्रस्तावित मार्ग, भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया और मुआवजे संबंधी जानकारी उपलब्ध करानी चाहिए, ताकि किसी प्रकार की असमंजस की स्थिति न बने।

# श्रद्धापूर्वक मनाया गया
## संत अल्फोंसा डे एवं सिस्टर लिंसी पर्व



**बिजनौर (चिंगारी)।** सेंट मैरीज़ स्कूल, बिजनौर में भारत की प्रथम संत अल्फोंसा का पर्व श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बैंड द्वारा स्वागत, तिलक, प्रार्थना गीत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी को प्रबंधक फादर बाबू जॉर्ज द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्या सिस्टर जैनी, किंडरगार्डन प्रभारी सिस्टर जिल्सी तथा सिस्टर एंजेल भी उपस्थित रही। विद्यार्थियों ने संत अल्फोंसा के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक लघु नाटिका प्रस्तुत कर उनके त्याग, सेवा, धैर्य और ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास को जीवंत किया। इस अवसर पर शास्त्रीय नृत्य, वाद्य संगीत, वेस्टर्न डांस तथा कक्षा 12 के विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रबंधक फादर बाबू जॉर्ज ने अपने संदेश में कहा कि धैर्य जीवन का सबसे बड़ा मूल्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से संत अल्फोंसा के आदर्शों को अपनाते हुए कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, विश्वास और सेवा की भावना बनाए रखने का आह्वान किया।

# भारत का स्वर्ण युग था चौ. चरण सिंह का कार्यकाल - रालोद



**बिजनौर (चिंगारी)।** मंगलवार को राष्ट्रीय लोकदल के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मास्टर इंद्रमणि बवनपुरा गांव पहुंचे। उन्होंने रालोद के संगठन को न्याय पंचायत, गांव और बूथ स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से बैठक की। बैठक में संगठन विस्तार और किसानों व मजदूरों के हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। पूनम चौधरी ने कहा कि भारत रत्न से सम्मानित भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह का कार्यकाल स्वर्ण युग था। उनके कार्यकाल में किसानों और मजदूरों की समस्याओं का खुले दिल से समाधान किया जाता था। उन्होंने कहा कि किसान आयोग को लागू कराने का काम भी चौधरी चरण सिंह ने किया था। विकास कुमार ने कहा कि चौधरी चरण सिंह के कार्यकाल में भ्रष्टाचारी और रिश्वतखोर भयभीत रहते थे। वहीं, अवधेश कुमार ने चौधरी चरण सिंह के कथन को याद करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार ऊपर से नीचे की ओर चलता है। इस दौरान विकास कुमार, विपिन कुमार, अजीत सिंह, दीक्षित देशवाल, राहुल देशवाल, ओमकार, अवधेश कुमार, मुकुल, निशान देशवाल, तुषार, विशाल, शुभम, पवन कुमार, सचिन कुमार और बबलू देशवाल आदि मौजूद रहे।

# बच्ची की आंत में फंसा 5 रुपये का सिक्का

**नहटौर (चिंगारी)। 10 वर्षीय बच्ची ने खेलते समय पांच रुपये का सिक्का निगल लिया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उसे बिजनौर रैफर किया है। एक्सरे में बच्ची की आंत में सिक्का फंसा होना दिखाई दिया है।**

ग्राम मानकपुर निवासी नितेन्द्र की 10 वर्षीय पुत्री नैना अपने घर पर खेल रही थी। खेल-खेल में नैना ने पांच रुपये का सिक्का निगल लिया। परेशानी महसूस हुई तो उसने अपने परिजनों को बताया। परिजन तुरंत बच्ची को लेकर सीएससी नहटौर पहुंचे। डॉ. भानुप्रताप सिंह ने बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल उसका मेडिकल परीक्षण और एक्स-रे कराया। एक्स-रे रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि बच्ची द्वारा निगला गया सिक्का उसके पाचन तंत्र से होते हुए आंत में जाकर फंस गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉ. भानुप्रताप सिंह ने बच्ची को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रैफर कर दिया। स्थानीय स्तर पर आंत में फंसे सिक्के का इलाज जोखिम भरा हो सकता था।

### बच्चों के खेलने के दौरान रखें नज़र

**डॉ. भानुप्रताप सिंह ने बताया कि छोटे बच्चों में जिज्ञासावश सिक्के, बटन, प्लास्टिक की बोतल के ढक्कन या अन्य छोटी वस्तुएं निगलने की प्रवृत्ति होती है। उन्होंने अभिभावकों को सलाह दी है कि बच्चों की पहुंच से सिक्के, खिलौनों के छोटे हिस्से और अन्य खतरनाक वस्तुएं दूर रखें ताकि ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। जब बच्चे अकेले हों तो उन पर अभिभावकों को ध्यान रखना चाहिए।**

अस्पताल में प्राथमिक उपचार के तौर पर बच्ची को 'सिरप लैक्टुलोज' दी गई है, ताकि आंतों की गतिशीलता को नियंत्रित किया जा सके।

# शेर सिंह बने गल्ला विक्रेता परिषद के मंडल उपाध्यक्ष

**नहटौर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार मल्होत्रा एवं प्रदेश महामंत्री राजकुमार अग्निहोत्री ने नहटौर के ग्राम रुखड़ियो निवासी शेर सिंह को मंडल मुरादाबाद का उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। साथ ही आशा व्यक्त की है कि शेर सिंह मंडल उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत होने के उपरांत उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद की नीतियों को उचित दर विक्रेताओं तक पहुंचकर उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सहयोग करेंगे। बता दें कि शेर सिंह पहले संगठन में बिजनौर के जिला अध्यक्ष के पद पर जिम्मेदारी निभा रहे थे। मंडल स्तर पर मिली नई जिम्मेदारी से शेर सिंह के समर्थकों में खुशी है। शेर सिंह ने कहा कि संगठन ने हमेशा कोटेदारों की समस्याओं को गंभीरता से उठाया है। जिसके चलते यह संगठन पूरे प्रदेश में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे।**



# दीनी मजलिस में कुरआन की रोज़ाना तिलावत पर ज़ोर

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** मदरसा इस्लामिया अरबिया शमशुल उलूम सीरवासुचंद में सुबह दीनी मजलिस का इनअकाद किया गया। कुरआन की निस्बत से मुनअकिद इस प्रोग्राम की सदारत मौलाना अनीस अहमद ने व निजामत कारी जावेद इकबाल ने की, जिसका आगाज़ मौ.अबूजर की तिलावत-ए-कुरआन व मौ.हम्माद की नाअत -ए-पाक से हुआ। प्रोग्राम में हाफिज मौ. शोएब की जानिब से तलबा को कुरआन-ए-करीम तकसीम किए गए। प्रोग्राम को खिताब करते हुए मौलाना अनीस ने बच्चों को कुरआन की तालीम की तरफ तवज्जो दिलाई और उसकी रोजाना तिलावत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कुरआन-ए-पाक का एक-एक हर्फ सच्चा और सादिक है, जिसके एक-एक हर्फ को पढ़ने पर दस-दस नेकियां मिलती हैं। उन्होंने बताया कि कुरआन को बा-वजू होकर छुना चाहिए, क्योंकि इसका अहतराम बहुत जरूरी है। मजलिस के आखिर में हाफिज मुबारक हुसैन की दुआ पर प्रोग्राम का इखततााम हुआ। इस मौके पर ताहिर हुसैन, कारी शाहनवाज़, हाजी मजीद उस्मानी वगैरा की शिरकत काबिल-ए-गौर रही।



दीनी मजलिस को खिताब करते मौलाना अनीस।

# दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक की मृत्यु, एक घायल

धामपुर ( चिंगारी )। मंगलवार की शाम करीब साढ़े चार बजे शेरकोट मार्ग पर राजपूताना रिसोर्ट के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरा व्यक्ति घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को शाम मोहल्ला नई सराय, पहाड़ी दरवाजा निवासी रहीस पुत्र अब्दुल रहमतुल्ला अपनी मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेंडर से धामपुर से शेरकोट की तरफ जा रहे थे। बताया जाता है कि जब वह राजपूताना होटल से करीब 100 मीटर पहले पहुंचे तो सामने से आ रही मोटरसाइकिल नं. P-20 BS 9208 के चालक विमल पुत्र विरेश कुमार निवासी ग्राम बमनौली ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी बाइक पर पीछे बैठे वीरेन्द्र पुत्र टेकचन्द निवासी ग्राम बमनौली भी घायल हो गए। हादसे के बाद 108 एम्बुलेंस द्वारा घायल रहीस को CHC धामपुर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक रहीस के भतीजे अरशद पुत्र हसीनुद्दीन निवासी नई सराय ने थाना धामपुर में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम हेतु बिजनौर भेज दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।


मृतक का फाइल फोटो

# खड़ी हुई बाइक की टंकी के नीचे सांप बैठा मिला

धामपुर ( चिंगारी )। आमतौर पर बरसात के मौसम में जब पानी धरती में चला जाता है तब सांप अपने बिलों को छोड़कर बाहर निकल आते हैं। दो दिन से नगर में मूसलाधार बारिश पड़ रही है, जिस कारण मंगलवार की शाम पंजाबी कॉलोनी के पास एक बाइक की टंकी के नीचे सांप छिपकर बैठ गया। मंगलवार की शाम करीब 4 जब एक व्यक्ति बैंक से लौटकर बाहर खड़ी अपनी बाइक स्टार्ट कर रहा था कि उसे अचानक टंकी के नीचे एक सांप दिखाई दिया। सांप को देखते ही बाइक चालक ने शोर मचाना शुरू कर दिया और तुरंत बाइक से दूर हट गया। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शी सरदार गुरमीत सिंह के अनुसार सांप को निकालने के लिए एक मोटर मैकेनिक को बुलाया गया। मैकेनिक ने बाइक की सीट हटाकर देखा तो लंबा और मोटा सांप आक्रामक मुद्रा में बैठा था। इसके बाद मिस्त्री ने बाइक की टंकी के वोल्ट खोल दिए करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। सांप को बाइक से निकालने के बाद उसे पास के एक नाले में छोड़ दिया गया। इस घटना को देखने के लिए बाइक के पास युवको का जमावड़ा लग गया। कई युवकों ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया।


बाइक से सांप को निकालता मिस्त्री।

# दुर्गा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया रेलवे स्टेशन का शैक्षिक भ्रमण


रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए छात्राएं।

धामपुर ( चिंगारी )। दुर्गा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, धामपुर के विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत स्थानीय रेलवे स्टेशन का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रेलवे स्टेशन की कार्यप्रणाली, टिकट काउंटर, प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, रेलवे पटरियों तथा सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को रेलवे स्टेशन पर अनुशासन बनाए रखने, स्वच्छता का महत्व समझाया तथा यात्रा के समय अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों से भी अवगत कराया। बच्चों ने रेलगाड़ियों के आवागमन को उत्साहपूर्वक देखा और अनेक नई जानकारियां प्राप्त कीं। स्कूल के प्रबंधक कुंवर आशीष राजपूत व प्रधानाचार्य राकेश चमोली ने कहा कि इस प्रकार से आयोजित होने वाले शैक्षिक भ्रमण से विद्यार्थियों में ऊर्जा का संचार होता है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ पौधारोपण




चांदपुर ( चिंगारी )। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, चांदपुर में पर्यावरण एवं विज्ञान सप्ताह के अंतर्गत प्रथम दिवस में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रकार के छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य नवनीत कुमार ने छात्र-छात्राओं के साथ पौधारोपण करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में राजेश कुमार, नितिन कुमार, स्वाति चौधरी आदि ने भी वृक्षारोपण किया।

# बचाया नहीं जा सका सभासद हाजी इरफान को


मृतक का फाइल फोटो

किरतपुर ( चिंगारी )। नगर के वार्ड नंबर 17 मोहल्ला मुगलान के सभासद हाजी मोहम्मद इरफान का ब्रेन हेमरेज के कारण आज सुबह लगभग 6 बजे इंतकाल हो गया। सभासद हाजी मोहम्मद इरफान (60 वर्ष) को 48 दिन पूर्व ब्रेन हेमरेज हो गया था। परिजनों ने उन्हें हर संभव चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई। वे आईसीयू में भर्ती रहे। बीमारी के चलते कोमा में चले गए थे। उनके इंतकाल की खबर सुनकर समर्थकों की भीड़ उनके मोहल्ला मुगलान स्थित आवास पर लगी रही। मरहूम नमाजी मिलनसार तथा जरूरतमंदों के काम आने वाले इंसान थे। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए। मालूम हो कि परसों मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती बोर्ड नंबर 4 के युवा सभासद रमन सहाय का हार्ट अटैक के कारण निधन हो गया था। दो सभासदों का अचानक दुनिया छोड़कर चले जाना नगर के लिए अपूरणीय क्षति है।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# बिजनौर डिस्ट्रिक्ट ओपन रैपिड चेस टूर्नामेंट में प्रतीक व पूजा ने बाजी मारी

बिजनौर ( चिंगारी )। मंगलवार को स्थानीय स्टेडियम में बिजनौर डिस्ट्रिक्ट ओपन रैपिड चेस टूर्नामेंट-2026 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले भर के नन्हे और युवा शतरंज खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग कर अपनी बौद्धिक क्षमता और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) रणविजय सिंह रहे। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी खिलाड़ियों को पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शतरंज मानसिक विकास और एकाग्रता बढ़ाने वाला बेहतरीन खेल है। प्रतियोगिता में प्रतीक (राम बजरंग) ने प्रथम, जयंत (राम बजरंग) ने द्वितीय, लावण्या अग्रवाल ने तृतीय, सुंदरम गजराज ने चतुर्थ और जयंत भारती ने पंचम स्थान प्राप्त किया। बेस्ट फीमेल विजेता श्रेणी में प्रज्ञा त्यागी प्रथम, गौरी त्यागी द्वितीय और इशिका अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं, बेस्ट वेटरन ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार सुरेंद्र अरोड़ा और बेस्ट यंगेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार आर्यब पंवार को दिया गया। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आकाश मलिक तथा कनिष्ठ सहायक हिमांशु विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद अहलावत ने किया। इस दौरान शतरंज कोच नूतन, हॉकी कोच चित्रा चौहान, कबड्डी कोच अंशु चौधरी, एथलेटिक्स कोच पूजा, स्केटिंग कोच शुभम तोमर, भारोत्तोलन कोच विशाल चौधरी और खो-खो कोच जितेंद्र कुमार उपस्थित रहे।





# भाजपा सरकार की योजनाओं का हर वर्ग को मिल रहा लाभ : अनीस गौड़

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का लाभार्थी सम्मेलन आयोजित

**चिड़ियापुर ( चिंगारी )। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा हरिद्वार के ग्राम गुर्जर बस्ती गैण्डीखाता में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ और मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह छाबड़ा रहे। कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, मुद्रा लोन और कौशल विकास जैसी योजनाओं से



अल्पसंख्यक समुदाय का जीवन स्तर बदला है। आज बिना बिचौलियों के लाभ सीधे पात्रों के बैंक खातों में पहुंच रहा है। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के बाद आज अल्पसंख्यक समुदाय शिक्षा, रोजगार और सरकारी नौकरियों में प्रगति कर रहा है। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय से भाजपा से जुड़कर देश के विकास में सहयोग की अपील की। प्रदेश उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर काम कर रही है। योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। जिलाध्यक्ष इं. एजाज हसन ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अल्पसंख्यकों के साथ विश्वासघात किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष इं. एजाज हसन ने व संचालन प्रदेश मीडिया सह संयोजक मौ. सफी लोधा ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रोशनदीन, जिला प्रभारी अफजाल अली, मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष मुमताज लोधा, कार्यकारी सदस्य बाबू खटानारू आलम कसाना, नूर आलम चेची, नजर हसन अंसारी, मोहसिन मंसूरी, गुलाम मुस्तफा, शमशेर चेची, मुमताज बानिया, नूर भड़ाना, हाजी गनी ढींढा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बेसहारा गौवंश को सिद्धबली क्षेत्र में छोड़ने पर रोष

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत वार्ड नं. 1 ग्रास्टनगंज निवासियों ने नगर निगम कर्मचारियों द्वारा शहर में घूम रहे बेसहारा गौवंश को सिद्धबली क्षेत्र में छोड़ने पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि इस कारण स्थानीय निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी राजेश थपलियाल, मनोहर लाल, विनोद कुमार व संजय रावत आदि ने बताया कि नगर निगम कर्मचारियों द्वारा बेसहारा गौ वंशों को सिद्धबली क्षेत्र में छोड़ने पर वहां पर इनकी संख्या में वृद्धि हो गई है। एक ओर जहां क्षेत्र के घरों में जाने के लिए संकरी गलियां है, वहीं दूसरी ओर ये गौ वंश लोगों के घरों के गेट तथा गली मे जमघट लगाए रहते हैं, जिससे लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रखा है। बताया कि आए दिन बड़ी संख्या में गौ वंश सड़क पर लड़ते रहते हैं जिससे बच्चों को स्कूल पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# कर रहीं डेंगू सर्वे, चला रही जागरूकता अभियान इसके लिये सिर्फ 200 रूपये मासिक मिल रहा भुगतान

**कोटद्वार ( चिंगारी )। दुगड्डा ब्लॉक की आशा कार्यकर्ताओं ने डेंगू सर्वे के लिए मिलने वाले मानदेय को कम बताते हुए इसे बढ़ाने की मांग उठाई है। कहा कि पूरे माह घर-घर जाकर डेंगू सर्वे और जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद उन्हें मात्र 200 रूपये प्रतिमाह का भुगतान किया जा रहा है, जो उनकी मेहनत के अनुरूप नहीं है। इसे बढ़ाकर 2,000 रूपये प्रतिमाह किया जाना चाहिए। आशा कार्यकताओं द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष प्रभा चौधरी के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी संदीप कुमार के माध्यम से जिलाधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि डेंगू सर्वे के तहत उन्हें घर-घर जाकर लोगों को डेंगू से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना पड़ता है। इसके लिए प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा शाम 4 बजे से 6 बजे तक सर्वे कार्य करना निर्धारित है। कार्यकर्ताओं का कहना था कि तय समय के अनुसार लगातार मेहनत करने के बावजूद उन्हें केवल 200 रुपये प्रतिमाह का मानदेय दिया जा रहा है, जो वर्तमान महंगाई के दौर में बहुत कम है। इसे बढ़ाकर 2,000 रूपये प्रतिमाह किया जाना चाहिए। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में मीरा नेगी, रंजना कोटनाला, नीलम कुकरेती, प्रमिला गुसाईं, ज्योति रावत, सीमा देवी सहित अन्य आशा कार्यकर्ता शामिल रहीं।**

## देवभूमि उत्कर्ष समिति ने आर.बी. कंडवाल एवं डा. चन्द्रमोहन कण्डवाल को किया सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** देवभूमि उत्कर्ष सेवा समिति की ओर से पदमपुर मोटाढ़ाक स्थित समिति कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में समिति के कार्याध्यक्ष डा. रमाकांत कुकरेती द्वारा अपने पिता स्व. पंडित मथुरा प्रसाद की स्मृति में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने पर डा. चंद्रमोहन बड़थ्वाल व पूर्व सैनिक आर बी कंडवाल को स्व. पंडित मथुरा प्रसाद पर्यावरण सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा. रमाकांत कुकरेती ने कहा कि पूर्व सैनिक व ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमांजलि समागम समिति के संस्थापक निदेशक राम भरोसा कंडवाल 80 के दशक से निरंतर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, वहीं डॉक्टर चंद्रमोहन बड़थ्वाल भी पर्यावरण संवर्धन पर लगातार कार्य कर रहे हैं। इस उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए ही उन्हें इस सम्मान के लिए चुना गया है। इस अवसर पर मनमोहन काला, दिनेश चौधरी, इंजीनियर जगत सिंह नेगी, रेखा ध्यानी, नीरजा गौड, सोम प्रभा कंडवाल, पूजा कंडवाल देवकी रावत सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यावसायिक उपयोग पाया सिलेंडरों को जब्त करके 4600 का जुर्माना लगाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देशन में कोटद्वार क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग एवं रीफिलिंग की शिकायतों के मद्देनजर संयुक्त दल ने विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सघन छापेमारी अभियान चलाया। जांच के दौरान अवैध गैस रीफिलिंग का कोई मामला सामने नहीं आया, जबकि दो प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाए जाने पर दोनों सिलेंडर जब्त कर संबंधित संचालकों पर 4,600 का अर्थदंड लगाया गया। जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि प्राप्त शिकायत



के आधार पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, बाट-माप विभाग तथा गैस एजेंसी के अधिकारियों के संयुक्त दल ने झण्डाचौक एवं आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान दो प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाया गया, जिस पर दोनों सिलेंडर जब्त करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की गई। अन्य सभी प्रतिष्ठानों में जांच के दौरान अवैध गैस रीफिलिंग की पुष्टि नहीं हुई। दल में खाद्य आपूर्ति विभाग के एआरओ करन क्षेत्री, पूर्ति निरीक्षक संजना बिष्ट, पूर्ति निरीक्षक विजय कैन्तुरा, मुकेश कुमार और बाट माप निरीक्षक प्रदीप रावत, उमेश कुमार, सब इंस्पेक्टर जयपाल सिंह और ईश्वर सिंह आदि शामिल थे।

# बीएलओ द्वारा वोटरों के सत्यापन कराये इसके बावजूद उनके पास नोटिस आये

## पार्षद सूरजकांति ने एसडीएम से की शिकायत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारत सरकार की एसआइआर प्रक्रिया के अंतर्गत बीएलओ के माध्यम से वोटरों का सत्यापन कराने के बाद भी उन्हें नोटिस आ रहे हैं, जिस पर उन्होंने उपजिलाधिकारी से मिलकर नाराजगी व्यक्त की। इस संबंध में वार्ड नं. 6 के पार्षद सूरज कांति के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने उपजिलाधिकारी से मुलाकात की। पार्षद ने उन्हें अवगत कराया कि इस संबंध में खुद उन्हें भी नोटिस मिला है, जबकि उन्होंने बीएलओ के माध्यम से एसआइआर के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा किए थे। वहीं अन्य लोगों ने भी बताया कि उन्हें भी इस तरह के नोटिस प्राप्त हुए हैं। मौके पर उन्होंने उपजिलाधिकारी से मैपिंग न होने की स्थिति में वोटर लिस्ट से जिन वोटरों के नाम कट चुके हैं उनके नए आवेदन लेने के लिए व इस संबंध में आवश्यक दस्तावेज स्वयं संकलित करने के लिए संबंधित बीएलओ को निर्देशित करने की अपील की, जिस पर उपजिलाधिकारी ने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उपजिलाधिकारी से मुलाकात करने वालों में अमित राज सिंह, राकेश शर्मा व राजेंद्र सिंह रावत आदि शामिल रहे।


# सांसद अजय भट्ट ने बरसाती आपदाओं के लिए मांगा विशेष पैकेज

## संसद में गूंजा उत्तराखंड का दर्द

**नैनीताल ( चिंगारी )।** नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने लोकसभा में नियम 377 के तहत उत्तराखंड में बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार से राज्य के लिए विशेष आर्थिक पैकेज देने की मांग की। सांसद अजय भट्ट ने सदन में कहा कि उनका संसदीय क्षेत्र चारों ओर से पहाड़ों से घिरा हुआ है और ग्लोबल वार्मिंग के कारण अब मार्च और अप्रैल से ही भारी बारिश तथा बादल फटने जैसी घटनाएं होने लगी हैं। बरसात के मौसम में इन आपदाओं की तीव्रता और बढ़ जाती है, जिससे पूरे उत्तराखंड में जान-माल का भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण सड़कें, पुल, खेत-खलिहान और तैयार फसलें बह जाती हैं। इससे आम लोगों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है और सरकार द्वारा संचालित विकास कार्य भी प्रभावित होकर धीमे पड़ जाते हैं। अजय भट्ट ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि उत्तराखंड में हर वर्ष बरसात के दौरान होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए राज्य सरकार को विशेष राहत एवं पुनर्निर्माण पैकेज उपलब्ध कराया जाए, ताकि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से पुनर्वास और विकास कार्य कराए जा सकें।



रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**




# नदियों की स्वच्छता के लिए अभियान चलाने के निर्देश

**बिजनौर( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में मंगलवार की शाम को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को पर्यावरण संरक्षण और नदियों की स्वच्छता के लिए प्रभावी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद में गंगा एवं अन्य नदियों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए गंदे पानी और अपशिष्ट के प्रवाह को रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करे। घाटों की नियमित सफाई कराने के साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया। जिला पर्यावरण समिति की समीक्षा के दौरान डीएम ने वायु प्रदूषण के मानकों का अनुपालन नहीं करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने चालान की संख्या बढ़ाने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को अस्पतालों में शत-प्रतिशत बारकोडिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारकोड के आधार पर ही अस्पतालों से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण कराया जाए। जिला वृक्षारोपण समिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वृक्षारोपण महाअभियान के तहत लगाए गए पौधों की शत-प्रतिशत जियो-टैगिंग का कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, डीएफओ जय सिंह कुशवाहा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बंद था भूदेव सिंह का मकान चोरी हुआ लाखों का सामान

**चांदपुर ( चिंगारी )।** चोरों ने बन्द पड़े मकान के ताले तोड़कर लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण, कपड़े व बर्तन आदि सामान चोरी कर लिया। ग्राम मिर्जापुर बेला निवासी भूदेव सिंह ने बताया कि वे 27 जुलाई को अपनी पत्नी के साथ अपने पुत्र के पास दिल्ली गये थे। 28 जुलाई को पड़ौसियों ने उसे फोन पर उसके घर के ताले टूटे होने के बारे में जानकारी दी, खबर मिलते ही वे अपने घर आये। दरवाजे के ताले टूटे हुए थे तथा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। भूदेव सिंह के अनुसार चोर उसके घर में रखे सोने का नेकलिस, पेंडिल, दो गले की चैन, 4 माथे के टीके, 5 अंगूठी, 3 जोडी कान के तथा चांदी के आभूषण के अलावा घर में रखे कपड़े, बर्तन आदि सामान भी चुराकर ले गए।

**प्लॉट बिकाऊ है**

किरतपुर में एक कॉमर्शियल प्लॉट बिकाऊ है। तुलाज मार्केट निकट नगीना चौराहा, किरतपुर में 160 गज ( 30.47.5 ) का एक कॉमर्शियल प्लॉट बिकाऊ है। सम्पर्क करें
मो. 9627680957



**महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज**

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234






**DISTANCE AND ONLINE COURSES**

➢MBA ➢MCA ➢M LIB
➢MA (JMC) ➢M.Sc
➢BBA ➢BCA ➢B LIB
➢BA (JMC) ➢B.Sc

**ASIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION**

MORADABAD ROAD NEAR ROOTS SCHOOL BIJNOR
PH. 9410600428, 9868264774